पर्यटन मंत्रालय की बेस्ट टूरिज़्म विलेज प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने जीते दो अवॉर्ड

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय की बेस्ट टूरिज़्म विलेज प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ने फिर से शीर्ष स्थान हासिल करते हुए दो अवॉर्ड जीते हैं। प्रदेश के ग्राम मडला और खोखरा 2023 के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव के रूप में चुने गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली के भारत मंडपम् कन्वेंशन सेंटर में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पन्ना ज़िले के मडला ग्राम को स्वर्ण श्रेणी में और सीधी ज़िले के खोखरा ग्राम को कांस्य श्रेणी में सम्मानित किया गया है।
- सम्मान समारोह में सचिव, पर्यटन, भारत सरकार सुश्री वी. विद्यावती द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश टूरिज़्म बोर्ड की ओर से अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय और संचालक कौशल डॉ. मनोज कुमार सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया।
- उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार और ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होम-स्टे के लिये केंद्रीय नोडल एजेंसी द्वारा बेस्ट टूरिज़्म विलेज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।
- प्रतियोगिता में 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 795 ग्रामों द्वारा आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 35 ग्रामों को स्वर्ण श्रेणी में नामांकित किया गया। इन 35 ग्रामों में से शीर्ष 5 ग्रामों को स्वर्ण श्रेणी में सम्मानित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश का मडला ग्राम भी शामिल है। 10 ग्रामों को रजत और 20 ग्रामों को कांस्य श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।
- **पन्ना का मडला और सीधी का खोखरा ग्राम**
  - पन्ना का मडला गाँव, खूबसूरत केन नदी के किनारे स्थित है, जो कि पन्ना टाइगर रिज़र्व का एक गेट भी है। सीधी का खोखरा गाँव, संजय दुबरी टाइगर रिज़र्व के बफर क्षेत्र में स्थित है।
  - दोनों गाँव ग्रामीण पर्यटन भ्रमण, होम-स्टे अनुभव, स्थानीय भोजन, कला और शिल्प में अनूठे हैं। समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य इन ग्रामों की विशेषता है।
- **रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म मिशन की ग्रामीण पर्यटन परियोजना**
  - मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड न केवल पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ाने के लिये कार्यरत् है, अपितु संतुलित और संवहनीय पर्यटन को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। यह सामाजिक-आर्थिक विकास को सक्षम कर मध्य प्रदेश को संपूर्ण पर्यटन अनुभव कराने वाले गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।
  - इसी उद्देश्य को ध्यान में रख टूरिज़्म बोर्ड द्वारा रिस्पॉन्सिबल टूरिज़्म मिशन का संचालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
  - मध्य प्रदेश को विभिन्न सांस्कृतिक और भौगोलिक विशिषताओं के कारण बघेलखंड, बुंदेलखंड, चंबल, मालवा, निमाड़ और महाकौशल जैसे छ: प्रमुख सांस्कृतिक अनुभव क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इन क्षेत्रों में प्रचलित पर्यटन स्थलों के समीपस्थ 100 ग्रामों में ग्रामीण पर्यटन परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
  - इन ग्रामों में स्थानीय भ्रमण, स्थानीय वास्तुकला आधारित आवास, गैर-रासायनिक परंपरागत भोजन, कला एवं शिल्प, स्थानीय भ्रमण, सुविधाजनक आवास, स्थानीय भोजन, स्थानीय सांस्कृतिक अनुभव तथा लोकगीत, लोक नृत्य, खेल-कूद, पूजा, उत्सव एवं त्योहारों का अनुभव, कला एवं हस्तकला का अनुभव एवं पर्यटन की आवश्यकतानुसार स्थानीय लोगों का कौशल उन्नयन जैसे 6 प्रमुख अंगों के लिये ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। मडला और खोखरा गाँव ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत नवीन विकसित गाँव हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-won-two-awards-in-the-best-tourism-village-competition-of-the-ministr-of-tourism